# विद्यालय की समझ व कक्षा का प्रबन्धन – 2

प्रत्येक प्रश्न संख्या के अन्तर्गत दिए गए विकल्पों में से आपने जिस प्रश्न को उत्तर देने के लिए चुना है, उसके आगे बने बॉक्स पर निशान (✓) अवश्य लगाएँ अन्यथा आपका उत्तर अमान्य हो सकता है ।

**लघु-उत्तर वाले प्रश्न (लगभग 100 शब्दों में उत्तर दें) ।**

**प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 5 है ।**

1. विद्यालय में आपदा प्रबन्धन की शिक्षा क्यों जरूरी है ? उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

अथवा

विद्यायल में समय प्रबन्धन क्यों आवश्यक है ? उदाहरण देते हुए स्पष्ट करें ।

S4.1

2. विद्यालय के प्रबन्धन में बाल संसद की क्या भूमिका है ? अपने विद्यालय के बाल संसद के गतिविधियों का उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

अथवा

विद्यालय के संदर्भ में मीना मंच की क्या उपयोगिता है ? अपने विद्यालय के मीना मंच के गतिविधियों को उदाहरण देते हुए समझाइए ।

S4.1

3. शिक्षा के अधिकार के अन्तर्गत विद्यालयी व्यवस्था में कौन-कौन से बुनियादी परिवर्तनों की अपेक्षा है ? क्या वे परिवर्तन आपको अपने विद्यालय में नज़र आते हैं ? कुछ उदाहरण दें ।

अथवा

विद्यालय भवन का सृजनात्मक प्रयोग सीखने-सिखाने में कैसे किया जा सकता है ? उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

S4.1

4. समावेशी शिक्षा के सम्बन्ध में विद्यालयी व्यवस्था में क्या बदलाव अपेक्षित है ? उदाहरण प्रस्तुत करें ।

अथवा

आपके विद्यालय में शैक्षिक प्रबन्धन की प्रक्रिया से सूचना एवं संचार तकनीक (आई० सी० टी०) किस प्रकार जुड़ी हुई है ? उदाहरण के माध्यम से स्पष्ट करें ।

S4.1

5. विद्यालय के शिक्षकों में किस प्रकार का नेतृत्व गुण होना चाहिए और क्यों ? उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

अथवा

विद्यालय में शिक्षकों के तनाव के मुख्य कारण क्या-क्या होते हैं ? उसे कैसे दूर किया जाना चाहिए ?

S4.1

6. शिक्षक अपने वृत्तिक विकास के लिए अपने सहकर्मी-शिक्षकों से क्या सहायता ले सकते हैं ? कुछ उदाहरण प्रस्तुत करें ।

**अथवा**

डी० एल० एड० (ओ० डी० एल०) कार्यक्रम को करने से आप में और आपके शिक्षण में क्या वास्तविक बदलाव आया ? कम से कम एक-एक उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

S4.1

7. राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के द्वारा क्या कार्य किया जाता है ? कम से कम चार कार्यों का उल्लेख करें ।

**अथवा**

राज्य शिक्षा शोध एवं प्रशिक्षण परिषद् के द्वारा कौन-कौन से कार्य किए जाते हैं ? कम से कम चार का उल्लेख करें ।

S4.1

8. सर्व शिक्षा अभियान क्या है ? इसके उद्देश्यों एवं प्रभावों की चर्चा करें ।

**अथवा**

अपने विद्यालय में चलनेवाली किसी एक सरकारी योजना का उल्लेख करें । साथ में, उसके उद्देश्यों एवं प्रभावों की चर्चा करें ।

S4.1

**दीर्घ-उत्तर वाले प्रश्न (न्यूनतम 350 शब्दों में उत्तर दें) ।**

**प्रत्येक प्रश्न के लिए अधिकतम अंक 10 है ।**

9. विद्यालय प्रबन्धन की आवश्यकता क्यों पड़ती है ? इसकी संरचना एवं संचालन का विश्लेषण करते हुए समझाएँ । विश्लेषण में अपने विद्यालय प्रबन्धन के अनुभवों से उपयुक्त उदाहरणों को भी प्रस्तुत करें ।

**अथवा**

विद्यालय में हो रहे कुछ महत्त्वपूर्ण परिवर्तनों की चर्चा करें, जो सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को बेहतर बनाने में मददगार हैं । आपके विद्यालय में उन परिवर्तनों की क्या स्थिति है, उदाहरण देते हुए विश्लेषण करें ।

S4.1

10. आपके अनुसार, एक अच्छे शिक्षक या शिक्षिका में क्या-क्या गुण होने चाहिए ? आप उन गुणों को क्यों महत्वपूर्ण मानते हैं ? क्या वृत्तिक विकास के माध्यम से उन गुणों को प्रोत्साहित किया जा सकता है ? उदाहरण देते हुए समझाएँ ।

**अथवा**

विद्यालयी शिक्षा को बेहतर बनाने में प्रखण्ड संसाधन केन्द्र (बी० आर० सी०) तथा संकुल संसाधन केन्द्र (सी० आर० सी०) की क्या भूमिका हो सकती है ? अपने अनुभवों के आधार पर उदाहरण सहित व्याख्या करें । क्या आपके विद्यालय से सम्बन्धित प्रखण्ड संसाधन केन्द्र तथा संकुल संसाधन केन्द्र उन भूमिकाओं को निभा रहे हैं ? क्यों या क्यों नहीं ? तर्क देते हुए स्पष्ट करें ।